This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 229

## B.A. (Programme) /I J

## HINDI LANGUAGE (C) – Paper I

## हिन्दी भाषा (ग) – प्रश्न-पत्र I

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10, 10**

(क) हमको यह न भूलना चाहिए कि जीवन के साथ-साथ संस्कृति बदलती रहती है । जीवन स्थिर और जड़ नहीं है । इसीलिए संस्कृति भी जड़ और स्थिर नहीं है । समाज के

आर्थिक और सामाजिक जीवन में परिवर्तन होते रहते हैं और साथ-साथ सांस्कृतिक जीवन भी बदलता रहता है । हमारे देश में समय-समय पर अनेक जातियाँ बाहर से आईं और यहाँ के समाज में घुल-मिल गईं । वह अपने साथ आचार-विचार लाईं । उन्होंने यहाँ के आचार-विचार स्वीकार किए और अपने कुछ आचार-विचार हमको दिए । संस्पर्श से संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता रहता है । प्राचीन काल में जब धर्म-मजहब समस्त जीवन को व्याप्त और प्रभावित करता था, तब संस्कृति के बनाने में उसका भी हाथ था । किन्तु धर्म के अतिरिक्त अन्य भी कारण और हेतु सांस्कृतिक निर्माण में सहायक होते थे । किन्तु आज मजहब का प्रभाव बहुत कम हो गया है । अन्य विचार जैसे राष्ट्रीयता आदि उसका स्थान ले रहे हैं । अत: अब तो उसका मान बहुत कम हो गया है । राष्ट्रीयता की भावना तो मजहबों के ऊपर है, यदि ऐसा न होता तो एक देश में रहने वाले विविध धर्मों के अनुयायी उसे कैसे अपनाते ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) जीवन और संस्कृति में क्या समानता है ? इस अनुच्छेद के आधार पर लिखिए ।

(iii) हमारे देश में बाहर से आने वाली जातियों का क्या प्रभाव पड़ा ?

(iv) आज संस्कृति के निर्माण में धर्म के स्थान पर किस विचार का महत्त्व अधिक है ?

(v) 'राष्ट्रीयता' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें, परम्पराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है । कड़वा सच तो यह है हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं । हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है । हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं, प्रतिष्ठा की अन्धी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं । संस्कृति की नियन्त्रण-शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं । हमारा समाज ही अन्य निर्देशित होता जा रहा है । विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तन्त्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं । उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइए ।

(ii) नवीन संस्कृति ने हमारे अन्दर कौन-कौन से बदलाव पैदा किये हैं ?

(iii) हम दिग्भ्रमित क्यों हो रहे हैं ?

(iv) 'अवमूल्यन' तथा 'क्षरण' शब्दों के अर्थ बताइए तथा उन्हें वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(v) 'बौद्धिक दासता' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(ग) पर्यावरण की भाषा इस सामाजिक, राजनैतिक भाषा से रत्ती भर अलग नहीं है । वह हिन्दी भी है यह कहते हुए डर लगता है । बहुत हुआ तो आज के पर्यावरण की ज्यादातर भाषा देवनागरी कही जा सकती है । राजधानी में पर्यावरण मन्त्रालय से ले कर हिन्दी राज्यों के कस्बों, गाँवों तक में बनी पर्यावरण संस्थाओं की भाषा कभी पढ़ कर तो देखें । उनका पूरा साहित्य, लेखन, रिपोर्ट सब कुछ एक अटपटी हिन्दी से पटा पड़ा है ।

कचरा-शब्दों का ढेर लगा है । इस ढेर को पुनर्चक्रित भी नहीं किया जा सकता । दो-चार नमूने देखें । सन् 1980 से आठ-दस बरस तक पूरे देश में 'सामाजिक वानिकी' नामक योजना चली । किसी ने भी नहीं पूछा कि पहले यह तो बता दो कि असामाजिक वानिकी क्या है ?

(i) इस अनुच्छेद का शीर्षक बताइए ।

(ii) पर्यावरण की भाषा के बारे में लेखक ने क्या कहा है ?

(iii) 'कचरा-शब्दों' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(iv) 'पुनर्चक्रित' शब्द का अर्थ बताइए ।

(v) 'सामाजिक' शब्द में 'समाज' मूल शब्द है और 'इक' प्रत्यय । 'इक' प्रत्यय लगा कर चार अन्य शब्द बनाइए ।

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

(i) ईद की नमाज के माध्यम से लेखक ने इस्लाम की कौन सी शिक्षा पर प्रकाश डाला है ?

(ईदगाह)

(ii) सरकार की शब्द कोश-नीति पर लेखक को ऐतराज क्यों है ?

(हिन्दी का सरलीकरण)

(iii) गाँव वालों का दुख दूर करने में शिक्षा-प्रचार की क्या भूमिका है ?

(गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(iv) दिल्ली पर किस-किस वंश के शासकों ने राज किया ?

(दिल्ली की आपबीती)

(v) दीपावली का पर्व किसका प्रतीक है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(vi) लेखक टैक्स की बीमारी से क्यों मरना चाहता है ?

(अपनी-अपनी बीमारी)

(vii) लेखक को एयरपोर्ट तक छोड़ने कोई क्यों नहीं गया ?

(ऊपर उठने की मुसीबत)

(viii) भाषा और बोली में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का कोष्ठक में दिये गये निर्देशानुसार व्याकरणिक कोटियों में अंतरण कीजिये : 5

(i) लोभ (विशेषण)

(ii) दरिद्र (संज्ञा)

(iii) प्रताड़ना (विशेषण)

(iv) सांप्रदायिक (संज्ञा)

(v) भ्रमित (संज्ञा)

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) मुझे एक गरम गिलास दूध दो ।

(ii) उस आदमी को डूबते हुए बचाइए ।

(iii) वहाँ पर अनेकों नावें खड़ी थीं ।

(iv) डूबते को तिनकों का सहारा ।

(v) केवल मात्र तुमने ही उसे देखा है ।

(vi) अधिकांश छात्र ने वही गलती की है ।

(vii) बच्चे को रोते हुए गोद में उठा लें।

(viii) मुझे उठा कर वह पुस्तक दो ।

4. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये : **10**

(i) मतई ने उदयभानु पर वार क्यों किया ?

(ii) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर भारतीय समाज की किन्हीं दो समस्याओं पर प्रकाश डालिए ।

(iii) तोताराम की बहन रूक्मिणी निर्मला को नापसन्द क्यों करती थी ?

(iv) भुवनमोहन से निर्मला का विवाह क्यों नहीं हुआ ?

(v) निर्मला ने मंसाराम से पढ़ना क्यों छोड़ दिया ?

(vi) तोताराम के कितने बेटे थे ? उनके नाम लिखिए ।

(vii) मंसाराम की दयनीय अवस्था देख कर निर्मला की क्या दशा हुई ?

(viii) सुधा ने निर्मला की कहानी सुन कर अपने पति से क्या कहा ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) तालाबों की घटती संख्या के क्या कारण हैं ?

(ii) गुणी कारीगरों के हाथ से पानी का प्रबंध किस प्रकार छीना गया ?

(iii) 'राज और समाज के बीच दूरी से समाज का कष्ट बढ़ जाता है' – इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iv) प्राचीन काल में आबादी का हिसाब किस आधार पर रखा जाता था ?

(v) राजस्थान के किन्हीं तीन जिलों का नाम बताइए जहाँ मरूस्थल का विस्तार है ।

(vi) 'हड़वाड़ा' किसे कहते हैं ?

(vii) 'जलसूंघा' क्या काम करते थे ?

(viii) तालाब के संदर्भ में 'पाल' की उपयोगिता बताइए ।

5. (क) किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 10

(i) आतंकवाद और मीडिया की भूमिका

(ii) विद्यार्थी और राजनीति

(iii) भ्रष्टाचार

(ख) 'मुंबई में आतंकवादी हमले' विषय पर रिपोर्ट तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

महिला-आयोग के लिए 'घरेलू हिंसा' सम्बन्धी सूचना तैयार कीजिए ।

6. (क) कोश कितने प्रकार के होते हैं ? किसी द्विभाषी शब्दकोश की विशेषताएँ लिखिए । 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

बालिका, बचपन, कर्म, आंतरिक, कविता, अबोध, कष्ट, श्वेत, साधारण, महान ।